# सुभाष शतपथी को मिलेगा साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार



बालेश्वर, (संवाद सूत्र) : नई दिल्ली में आयोजित साहित्य अकादमी की कार्यकारी परिषद की बैठक में 2024 के अनुवाद पुरस्कारों की घोषणा की गई। अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में हुई बैठक में 21 भाषाओं के अनुवादित पुस्तकों के लिए विजेताओं के नाम घोषित किए गए। इस वर्ष, प्रसिद्ध लेखक और अनुवादक सुभाष शतपथी को ओड़िया भाषा के लिए साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार से नवाजा जाएगा। उन्हें यह पुरस्कार अंग्रेजी लेखक रस्किन बॉन्ड की आत्मकथा लोन फो एंड डांसिंग के ओड़िया अनुवाद 'कोकिशियालीर एकक नृत्य' (पहाड़ी लोमड़ी का एकल नृत्य) के लिए दिया जाएगा। इससे पहले भी शतपथी को ओडिशा साहित्य अकादमी पुरस्कार मिल चुका है। अन्य भाषाओं में पुरस्कार के लिए चयनित लेखकों में अजन शर्मा (असमिया), बसुदेव दास (बांग्ला), उत्तरा बसुमतारी (बोड़ो), अर्चना केसर (डोगरी), अनीसुर रहमान (अंग्रेजी), रमणीक अग्रवत (गुजराती), मदन सोनी (हिंदी), सिद्धलिंग पट्टणसेट्टी (कन्नड़), गुलाम नबी आतश (कश्मीरी), मिलिंद महमल (कोंकणी), केशकर ठाकुर (मैथिली), के. बी. कुमारन (मलयालम), एस. इंद्रकुमार (मणिपुरी), सुदर्शन अठावले (मराठी), चंदन नेगी (पंजाबी), सोहनदन चरण राजस्थानी), जीर हेंब्रम (संथाली), शोभा लालचंदानी (सिंधी), पी. विमला (तमिल), टी. राजेश्वरी (तेलुगु) आदि है।

08/03/2025 09:33